Field Visit On Ground Reporting

मीडिया_विभाग के छात्रों ने सीखे #ग्राउंड_रिपोर्टिंग के गुर।। वरिष्ठ टीवी रिपोर्टर अमित प्रकाश रहे विशेषज्ञ।

J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad **के मीडिया एवं तकनीकी विभाग द्वारा 'ग्राउंड रिपोर्टिंग' फील्ड ट्रेनिंग का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए #संचार एवं #मीडिया_तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया मीडिया विभाग अपने छात्रों को अकादमिक अनुभवों के साथ साथ ग्राउंड रिपोर्टिंग के लिए भी कार्य करता है। इसी श्रृंखला में इस बार वरिष्ठ #टीवी_रिपोर्टर, #ज़ी_न्यूज़ के पूर्व #एसोसिएट_एडिटर और वर्तमान में वैल्यू रिसर्च के कंसल्टिंग एडिटर अमित प्रकाश के साथ मिलकर #मीडिया_छात्रों को ग्राउंड रिपोर्टिंग की ट्रेनिंग के लिए आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मीडिया छात्रों से विशेषज्ञ अमित प्रकाश के संवाद सत्र से हुई। जिसमें अमित प्रकाश ने छात्रों को रिपोर्टिंग के बेसिक कॉन्सेप्ट के बारे में चर्चा की और ग्राउंड रिपोर्टिंग मोड्यूल को साँझा किया। इसके बाद ग्राउंड रिपोर्टिंग फ़ील्ड विजिट का आयोजन किया गया जिसमें विशेषज्ञ द्वारा छात्रों को एस्टर्न पेरीफ़ेरल एक्सप्रेसवे ले जाया गया ।उन्होंने एक्सप्रेसवे के आसपास और उससे जुड़े मुद्दों की रिपोर्टिंग कैसे की जाती है विषय पर छात्रों से चर्चा की और उन्हें रिपोर्टिंग असाइनमेंट्स के माध्यम से विषयों को समझाया। इस असाइनमेंट में छात्रों को 12 **टीमों में बाँटा जिसमें छात्र ने अलग-अलग आइडिया और #वीडियो से अपनी रिपोर्ट तैयार की।**

इसके बाद छात्रों ने भारत सैन्य बल से सेवानिवृत अधिकारियों द्वारा चलाई जाने वाली "सी.ई .आई.एस- सिटीजन एनवायरमेंट इंप्रूवमेंट सोसायटी" का भ्रमण किया। यह सोसाइटी #पर्यावरण संरक्षण तथा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर काम करती है। जहां पर छात्र सोसाइटी के #ब्रिगेडियर_अमृत_कपूर से मिले और उनके इस प्रकल्प का समझा तथा और एक्सपर्ट अमित प्रकाश के साथ पर्यावरण संबंधित मुद्दों की रिपोर्ट कैसे की जाती है इस विषय को टास्क बेस्ड लर्निंग से सीखा।

बाद में छात्रों को सी.ई .आई.एस- सिटीजन एनवायरमेंट इंप्रूवमेंट सोसायटी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति उत्साह दिखाने पर पौधे देकर सम्मानित भी किया। इस ग्राउंड रिपोर्टिंग फील्ड विजिट का आयोजन डीन, फैकल्टी ऑफ़ लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज़ प्रोफेसर Atul Mishra **के नेतृत्व में किया गया।**

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने मीडिया विभाग को ग्राउंड रिपोर्टिंग फ़ील्ड विजिट के आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के थ्योरेटिकल नॉलेज के साथ साथ प्रैक्टिकल एक्सपोज़र के विषय में विशेष संज्ञान रखता है जिसके लिये #विश्वविद्यालय लगातार ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

JACOB'S CREEK